# 'एमएसएमई उद्यमियों को 40 हजार करोड़ ऋण दिलाएगी सरकार'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार एमएसएमई उद्यमियों की कठिनाइयों को दूर करते हुए उन्हें बढ़ावा देने के लिए लगातार सार्थक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में जनवरी के पहले सप्ताह में प्रदेश के एमएसएमई उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से 40 हजार करोड़ रुपये की धनराशि ऋण के तौर पर दिलाई जाएगी। लोक भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उद्यमियों के खातों में ऋण की रकम ट्रांसफर कराई जाएगी।

वह गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर और दलित इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) की ओर से आयोजित एमएसएमई विकास कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की 6.34 करोड़ एमएसएमई इकाइयों में से 14 प्रतिशत यानी 96 लाख उत्तर प्रदेश में हैं। कृषि क्षेत्र के बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई सेक्टर ही देता है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए उठाये गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि दलित उद्यमियों में भी जोखिम लेने की क्षमता विकसित हुई है।